महाविद्यालय तथा न्यूनतम एक राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान स्थापित किए जा चुके हैं। उद्योग की मांग के अनुरूप नये एवं उभरते हुए विधाओं में तकनीकी पाठ्यक्रमों को आरंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सेंटर ऑफ एक्सेलेंस की स्थापना की कार्रवाई की जा रहा है।

**बिहार कॉउन्सिल ऑन साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी, पटनाः**–बिहार कॉउन्सिल ऑन साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी, पटनाकी स्थापना बिहार सरकार के संकल्प संख्या 845 दिनांक 25 फरवरी, 1984 के द्वारा की गयी थी। यह कॉउन्सिल विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के वित्तीय एवं प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्यरत है। बिहार कॉउन्सिल ऑन साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी, पटना का मुख्य उद्देश्य शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना, विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र
मेंछात्र–छात्राओं की रूचि पैदा करना, नवाचार व आधुनिक सोच विकसित करना है। इसके अतिरिक्त राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और प्रौद्योगिकीविदों द्वारा विश्व स्तर के अनुसंधान करने के लिए प्रोत्साहन करना और युवा वैज्ञानिकों में उनके प्रारंभिक चरण में वैज्ञानिक सोच का पोषण करना बिहार काउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी का उद्देश्य है।

**बिहार मैथमेटिकल सोसाईटीः**–बिहार मैथमेटिकल सोसाईटी की स्थापना 1958 में भागलपुर में की गयी थी। इस सोसाईटी का उद्देश्य शोध अनुसंधान, सेमिनार, कार्यशाला, कॉन्फ्रेंस आदि के माध्यम से छात्रों में गणित के प्रति अभिरूचि पैदा करना है। इसके अतिरिक्त सोसाईटी के द्वारा वर्ष 1993 से विद्यालय के छात्रों के लिए टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

इन्स्ट्रकशनल स्कूल फोर मैथमैटिक्ल फाउण्डेशन के तहत टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स ओलंपियाड एवं श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स –2021 के चयनित्त कक्षा 6 से 12 के छात्रों का 8–23 अक्टूबर, 2022 व 5–19 नवम्बर, 2022 तक बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना एवं बिहार मैथमेटिकल सोसाईटी संयुक्त तत्वावधान में आई०आई०टी०, पटना मेंप्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**उपरोक्त कार्यो के संपादित करने हेतु निम्नवत् समितियाँ गठित है :**

### I. राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजन समितिः

| क्रम० | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री वैभव चौधरी, आई०ए०एस० | निदेशक |
| 2. | डॉ० अनन्त कुमार | संयुक्त निदेशक (वि०) |
| 3. | डॉ० संतर पाल सिंह | संयुक्त निदेशक (त०) |
| 4. | डॉ० शिवशंकर सहाय | नोडल पदाधिकारी |
| 5. | डॉ० सुभा सिन्हा | विशेष पदाधिकारी |
| 6. | डॉ० नीलू बसंत | प्रभारी तारामंडल |
| 7. | श्री संतोष कुमार राय | सहायक निदेशक (वि०) |
| 8. | मो0 अतिकुर रहमान | सहायक निदेशक (त०) |
| 9. | श्री साकेत सौरव | सहायक निदेशक (को०) |
| 10. | श्रीमती प्रभा गुप्ता | सहायक निदेशक (ए०) |
| 11. | मो0 अफरोज अफजल | ओ०एस०डी० |
| 12. | श्री शशिरंजन | प्रभारी बिरसेक |
| 13. | श्री चन्दन राय | वरीय परामशी, पी०एम०यू० |
| 14. | श्रीमती अमृता कुमारी | विभागीय पी०एम०यू० लीड |
| 15. | श्री संजय कुमार | आई०टी० मैनेजर |
| 16. | कोडबकेट द्वारा प्राधिकृत कर्मी | |
| 17. | श्री विजय कुमार | संयोजक–सह–संयुक्त सचिव, बिहार मैथेमेटिकल सोसाईटी के प्रतिनिधि |

### II. परीक्षा समिति

| क्रम० | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री संतोष राय | सहायक निदेशक (वि०) |
| 2. | श्री साकेत सौरभ | सहायक निदेशक (को०) |
| 3. | श्री चंदन राय | वरीय परामर्शी, पी०एम०यू० |
| 4. | श्रीमती अमृता कुमारी | विभागीय पी०एम०यू० लीड |

### III. परीक्षा परिणाम एवं मेधा सूची समिति

| क्रम० | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | मो0 अफरोज अफजल | आ०एस०डी० |
| 2. | श्रीमती प्रभा गुप्ता | सहायक निदेशक (ए०) |
| 3. | श्री शशिरंजन | प्रभारी बिरसेक |
| 4. | श्री चन्दन राय | वरीय परामर्शी, पी०एम०यू० |
| 5. | श्री विजय कुमार | प्रतिनिधि, बिहार मैथेमेटिकल सोसाईटी |

### IV. शैक्षणिक समिति

- प्रो० के०सी० सिन्हा, कुलपति, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना।
- डॉ0 डी०एन० शर्मा, परीक्षा नियंत्रक, बी०एम०एस०, पटना।
- डॉ० प्रवीण कुमार, उप परीक्षा नियंत्रक, बी०एम०एस०, पटना।
- डॉ० आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, जिला संयोजक, बी०एम०एस०, पटना।
- डॉ० अरूण दयाल, जिला उप संयोजक, बी०एम०एस०, पटना।

DEPT OF SCIENCE & TECHNOLOGY, BIHAR

BCST

## बिहार सरकार
## विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

# बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी तारामंडल, पटना।

(दिनांक : 22 दिसम्बर 2022)



# राष्ट्रीय गणित दिवस-2022

**श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स –2022**

**संक्षिप्त परिचयः**—राज्य के छात्रों का गणित विषय में अभिरूचि उत्पन्न करने तथा प्रतिभा के आधार पर उन्हें प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित बिहार काउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी एवं बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक—22.12.2022 को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जा रहा है।

गणित के विषय में अभिरूची रखने वाले छात्र—छात्राओं के लिए श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स —2022 प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन वर्ग—06, 07, 08, 09, 10, 11 एवं 12 के लिए किया जा रहा है। परीक्षा की प्रक्रिया ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा।कुल1036चयनित छात्रों मेसेराज्य स्तर पर प्रत्येक सात स्तर के लिए प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त 21, जिला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कुल 532 एवं इस प्रकार कुल 553 छात्रों को पटना मे पुरस्कृत किया जाएगा। शेष 483 छात्रों को प्रत्येक जिला मे स्थापित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय तथा राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान (प्रत्येक जिला के लिए कुल 38 संस्थान) मे गणित दिवस का आयोजन कर पुरस्कृत किया जायेगा।

**उद्देश्यः**—इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र—छात्राओं में गणित के प्रतिभा को पहचाना, सोचने एवं सीखने के लिये रूचि पैदा करना, गणित के प्रति भय को दूर करना तथा गणित के प्रति तर्कसंगत सोच को विकसित करना है।

**परीक्षा पद्धति (Pattern):**— प्रतियोगिता परीक्षा को सात वर्गों (06,07,08,09,10,11 एवं 12) में विभाजित किया जायेगा। श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स —2022की प्रतियोगिता परीक्षा पूर्णरूप से ऑनलाईन माध्यम से आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक कक्षा के लिए कुल 25 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसके लिए कुल 100 अंक एवं 60 मिनट निर्धारित है। प्रत्येक एक गलत उत्तर लिये एक अंक काटे जायेंगे। प्रश्नपत्र हिन्दी एवं अंग्रजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध रहेंगे।

**परीक्षा शुल्क (Exam Fee):**—इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जायेगा।

**योग्यता (Eligibilty):**—परीक्षा में प्रतिभागिता हेतु वर्तमान वर्ष 2022 में छात्र—छात्राओं का वर्ग 6 से 12 में अध्ययनरत होना अनिवार्य है। आवेदक सात वर्गों में से केवल अपनी वर्त्तमान अध्ययनरत् एक कक्षा के लिए हीं आवेदन कर सकते हैं।

**पंजीकरण की प्रक्रियाः**—प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी के वेबसाईट (https://bcst.org.in/) पर पंजीकरण करना होगा।

**पंजीकरण की तिथिः**—ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रक्रिया दिनांक—15.11.2022 से आरंभ कर दी गई है एवं इसे समर्पित किये जाने की अंतिम तिथि दिनांक—03.12.2022 निर्धारित है।

**प्रवेश—पत्रः**—छात्र—छात्राऐंप्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु अपना प्रवेश—पत्र बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी के वेबसाईट (https://bcst.org.in/) से दिनांक—08.12.2022 से डाउनलोड कर सकते है। इसमें केन्द्र, पाली, समय आदि की सूचना रहेगी।

**परीक्षा की तिथिः**—परीक्षा दिनांक 10 एवं 11 दिसम्बर, 2022 को निर्धारित है। जो तीन पाली में पूर्वाह्न 10:00 से 11:00, अपराह्न 12:30 से 01:30 एवं 03:00 से 04:00 बजे तक लिया जायेगा। अभ्यर्थियों की संख्या ज्यादा होने पर प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 10 एवं 11 दिसम्बर को अन्यथा परीक्षार्थियों की संख्या कम होने पर केवल 11 दिसम्बर, 2022 (रविवार) को आयोजित की जायेगी।

**परीक्षा केन्द्रः**—राज्य के सभी 38 जिलों में स्थापित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान में श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स —2022 प्रतियोगिता परीक्षा ऑनलाईन माध्यम से आयोजित किया जायेगा।

**सिलेबस (Syllabus) एवं विगत वर्ष प्रश्नपत्रः**— श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स —2022 के प्रतियोगितापरीक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम एवं विगत वर्ष में पूछे गये प्रश्न तथा परीक्षा से संबंधित निर्देश बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी के वेबसाईट (https://bcst.org.in/) तथा बिहार मैथेमेटिकल सोसाईटी (https://www.bmsbihar.org/index.aspx) की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

**परीक्षा का परिणामः**—श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स —2022 के प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम दिनांक—18.12.2022 को बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी के वेबसाईट (https://bcst.org.in/) पर समय—04:00 अपराह्नके बादघोषित किया जायेगा।

**पुरस्कार वितरणः**—जिला स्तर पर मेधाक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त छात्रों को क्रमशः रु0 2000/—, रु01500/— रु0800/— , रु0700/ एवं रु0 600/—तथा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से पुरस्कृत किये जायेंगे। राज्य स्तर पर मेधाक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को लैपटॉप, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रथम तीन जिलों को, जिसने श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स —2022 प्रतियोगिता परीक्षा के, छात्रों के पंजीकरण एवं विशेष प्रदर्शन के आधार पर उस जिले के जिलाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बिहार मैथेमेटिकल सोसाईटी के जिला स्तरीय प्रतिनिधि को सम्मानित किया जायेगा।

**नोटः—श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स —2022 प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्र—छात्राओं को अपना—अपना इन्टरनेट युक्त लैपटॉप/स्मार्टफोन/टेबलेट परीक्षा केन्द्र पर लाना अपेक्षित है।**

**प्राप्तांक समान होने पर परीक्षार्थियों द्वारा प्रश्न पत्र को हल किये जाने में लिए गए कुल समय (कम्प्यूटर टाईमर के अनुसार कम समय) पर मेधा का निर्माण किया जाएगा।**

**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार** :—विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के अंतर्गत दो प्रक्षेत्र—यथा तकनीकी शिक्षा तथा वैज्ञानिक शोध एवं सेवाएँ है। राज्य के सामाजिक आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास में तकनीकी शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्ट एवं दक्ष कोटि के मानव संसाधन का विकास किये जाने हेतु यह आवश्यक है कि राज्य के तकनीकी संस्थानों की शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करते हुए उद्योग की मांग के अनुरूप समाज के सभी वर्ग के छात्र—छात्राओं को गुणवत्तायुक्त तकनीकी शिक्षा का अवसर सुलभतापूर्वक उपलब्ध कराया जाए।

उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी 38 जिलों के लिए एक राजकीय अभियंत्रण